ईद-उल-अजहा पर मस्जिदों में अदा की गई नमाज

लोगों ने देश में अमन-शांति के लिए मांगी दुआ, गले मिल एक-दूसरे को दी बधाई

नवभारत न्यूज

सतना, 28 मई. गुरुवार को ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की गई। नमाजियों ने देश और प्रदेश में अमन-शांति के लिए दुआएं मांगी। पर्व को लेकर बुधवार को ही मस्जिदों, ईदगाहों और घरों में तैयारियां पूरी कर ली गई थीं।

गुरुवार सुबह से ही बड़ी संख्या में नमाज़ी मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। शहर की ईदगाह मस्जिद और गौसिया मस्जिद गढिया टोला में सुबह 8ः30 बजे नमाज अदा की गई। सुन्नी नूरी जामा मस्जिद कंपनी बाग, बरकाती मस्जिद नजीराबाद, सिविल लाइन मस्जिद, जामा मस्जिद चिकाना और रजा मस्जिद में सुबह 8 बजे नमाज हुई। वहनूरी मस्जिद नजीराबाद में 7ः45 बजे, मदनी मस्जिद नजीराबाद और जवाहर नगर मस्जिद में 7ः15 बजे, मक्का मस्जिद नजीराबाद में 7 बजे, जबकि मरकज मस्जिद और अनुवारुल उलूम में 7ः30 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई।

मुल्क भर समेत सतना में भी ईद-उल-अज़हा यानी बकरीद का त्योहार बड़े जोश-ओ-ख़रोश, अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। मुस्लिम भाइयों ने सुबह ईदगाहों और मसाजिद में पहुंचकर दो रकअत नमाज़ अदा की और मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक़्क़ी और ख़ुशहाली की दुआएं मांगीं।

ईद-उल-अज़हा को कुर्बानी का त्योहार कहा जाता है। यह मुबारक त्योहार इस्लाम में सब्र, कुर्बानी, ख़ुलूस और इंसानियत की आला मिसाल पेश करता है। रमज़ानुल मुबारक के लगभग 70 दिन बाद मनाया जाने वाला यह त्योहार अल्लाह की राह में हर कुर्बानी देने और सच्चाई पर कायम रहने का पैग़ाम देता है।

मदद का एहसास दिलाने वाला पर्व

मैत्री उन्नति कॉलोनी, जवाहर नगर के रहने वाले वरिष्ठ समाजसेवी शेरू खान ने बताया कि ईद-उल-अज़हा सिर्फ़ एक मज़हबी त्योहार नहीं बल्कि इंसानियत, मोहब्बत और ज़रूरतमंदों की मदद का एहसास दिलाने वाला अज़ीम पर्व है। उन्होंने कहा कि हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह तआला के हुक्म पर अपनी सबसे प्यारी चीज़ यानी अपने बेटे हज़रत इस्माइल अलैहिस्सलाम को कुर्बान करने का इरादा किया था। उनकी वफ़ादारी और अकीदत को देखकर अल्लाह तआला ने हज़रत इस्माइल की जगह एक दुंबे की कुर्बानी कबूल फ़रमा ली। तभी से यह त्योहार सुन्नत-ए-इब्राहीमी की याद में मनाया जाता है।

अल्लाह के प्रति समर्पण

ईदगाह में मौलाना मुजफ्फर हुसैन ने ईद-उल-अजहा की नमाज पढ़ाई। उन्होंने अमन-चैन की दुआ के साथ हिंदू-मुस्लिम एकता पर जोर दिया। मौलाना ने भारत सहित सभी देशों में शांति और सद्भाव की कामना की। जिला मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष जिया बेग ने बताया कि ईद-उल-अजहा, जिसे बकरीद भी कहते हैं, मुस्लिम समुदाय का एक प्रमुख त्योहार है। यह केवल कुर्बानी का प्रतीक नहीं, बल्कि अल्लाह के प्रति समर्पण, त्याग और इंसानियत की भावना का भी प्रतीक है।

वर्षा से पहले 13 जर्जर भवनों पर होगी कार्रवाई

निगमायुक्त ने दिए अधिकारियों को निर्देश

नवभारत न्यूज

सतना, 28 मई. नगर पालिक निगम सतना क्षेत्रांतर्गत चिन्हित 13 जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण भवनों पर वर्षा ऋतु से पूर्व कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश डॉ. शेर सिंह मीना,आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

आयुक्त ने निर्देशित किया है कि ऐसे भवन, जो बारिश के दौरान आमजन की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं, उनके विरुद्ध मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत नोटिस जारी कर त्वरित कार्रवाई की जाए। आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सहयोग से जर्जर भवनों को हटाने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जाएगी। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि जर्जर भवनों के आसपास सावधानी बरतें तथा किसी भी संभावित खतरे की सूचना तत्काल निगम प्रशासन को उपलब्ध कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कदम उठाकर जनहानि की संभावना को रोका जा सके।

आधार केंद्र से प्रिंटर, मॉनिटर और फिंगर मशीन की चोरी

उप डाकघर का ताला तोड़ बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

नवभारत न्यूज

सतना, 28 मई. सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित उप डाकघर में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात हुई चोरी की घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर ?म हर सवाल ख? कर दिए। अज्ञात चोरों ने आधार केंद्र से लाखों रुपये के उपकरण, जिनमें प्रिंटर, मॉनिटर और फिंगर मशीन जैसे महत्वपूर्ण उपकरण चुरा लिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बदमाश उप डाकघर के चैनल गेट और मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे। उन्होंने आधार केंद्र को निशाना बनाया और वहां रखे महत्वपूर्ण उपकरण लेकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह चौकीदार ने चैनल गेट का ताला टूटा देखा, जिसके बाद उसने उप डाकपाल श्रीमती रंजना पांडेय को सूचना दी। श्रीमती पांडेय ने अन्य स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर देखा कि आलमारियां खुली हुई थीं और आधार केंद्र का सारा सामान गायब था।

घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मौके का मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस चौकीदार से भी पूछताछ कर रही है ताकि चोरों का सुराग मिल सके।

एक ही रात में जिले में डेढ़ दर्जन चंदन के पेड़ चोरी

सिंहपुर और रामपुर बाघेलान क्षेत्र में हुई घटना

नवभारत न्यूज

सतना 28 मई. जिले में अलग अलग स्थानों से चंदन के पेड़ काटकर चोरी करने वाला कोई संगठित गिरोह सक्रिय है. जिसकी तस्दीक समय समय पर सामने आने वाले घटनाओं के जरिए की जा सकती है. लेकिन इसके बावजूद भी सतना पुलिस महज जन चौपाल के जरिए कथित संवाद की औपचारिकता निभाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री करती नजर आ रही है.

जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टीकर गांव के निवासी प्रभाकर सिंह परिहार गुरुवार की सुबह थाने पहुंचे और चंदन के दर्जन पेड़ काट कर चोरी कर लिए जाने की शिकायत की. प्रभाकर ने पुलिस को बताया कि बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात के लगभग 2 बजे तक वे अपनी मूंग की फसल की रखवाली करते रहे. जिसके बाद वे सो गए. लेकिन सुबह 5 बजे जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनके घर के पीछे लगा चंदन का पड़े गायब हो चुका था. इतना ही नहीं बल्कि कुछ देर बाद यह जानकारी भी सामने आई कि गांव के शैलेंद्र सिंह का 1, शिवेंद्र सिंह का 1, मनोज सिंह के 2, अरविंद सिंह का 1, सुखेंद्र सिंह का 1, सुरेंद्र सिंह का 1, विनोद सिंह के 2 और विवेक सिंह का 1 चंदन का पेड़ काटकर अज्ञात चोर अपने साथ ले गए. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है.

बगिया से 5 चंदन पेड़ चोरी

जिले के सिंहपुर क्षेत्र के टीकर गांव में एक ही रात में दर्जन भर चंदन पेड़ चोरी होने की तर्ज पर ही इसी तरह की घटना रामपुर बघेलान क्षेत्र के सगौनी गांव में सामने आई. जहां पर अज्ञात चोरों ने विवेक शुक्ला की बगिया में लगे चंदन के 5 पेड़ काटकर चोरी कर लिए. इतना ही नहीं बल्कि चोरों ने घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण सहित 20 हजार की नकदी भी पार कर दी.

तालाब में डूबने से बालिका की मौत

नागौद के सितपुरा की घटना

नवभारत न्यूज

सतना, 28 मई. जिले के नागौद थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सितपुरा गांव में नहाने के दौरान 10 साल की एक मासूम बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

हादसे के वक्त बच्ची की मां भी किनारे पर ही मौजूद थी और कपड़े धो रही थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्ची की पहचान सितपुरा निवासी 10 वर्षीय राधिका (पिता करण कोल) के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब सवा 10 बजे राधिका अपनी मां सिया कोल के साथ गांव के ही %मूर्तिहा तालाब% पर गई थी। यह तालाब उनके घर से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित है।

हादसे के संबंध में परिजनों ने बताया कि राधिका की मां सिया तालाब किनारे कपड़े धोने में व्यस्त हो गई थी। इसी दौरान राधिका अकेले ही नहाने के लिए तालाब में उतर गई। नहाते-नहाते वह अचानक गहरे पानी की तरफ चली गई और डूबने लगी। कुछ देर बाद जब मां की नजर पड़ी तो बच्ची वहां नजर नहीं आई। घबराई मां ने तुरंत उसे खोजना शुरू किया और मदद के लिए जोर-जोर से शोर मचाया।

ग्रामीणों ने खोज निकाला शव

मां की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण भागकर मौके पर पहुंचे और तालाब में बच्ची की तलाश शुरू की। काफी मशक्कत और खोजबीन के बाद ग्रामीणों ने बच्ची को पानी से बाहर निकाल लिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद नागौद थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

जिला अस्पताल में पीएम राहत योजना की शुरुआत

सतना, 28 मई. जिला अस्पताल सतना में सड़क दुर्घटना में घायल 3 मरीजों के पीएम राहत योजना अंतर्गत तत्काल केस लॉगिन कर भर्ती किए गए एवं त्वरित उपचार प्रारंभ कराया गया। मरीजों को शासन की इस अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत ?1,50,000 तक के निःशुल्क उपचार का लाभ प्रदान किया जा रहा है। जिला अस्पताल द्वारा समयबद्ध कार्यवाही करते हुए आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। पीएम राहत योजना गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो रही है।

ट्रक की टक्कर से वृद्ध की मौत

सतना -चित्रकूट मार्ग पर मझगवां की घटना

नवभारत न्यूज

सतना, 28 मई. जिले के मझगवां थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 62 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। यह घटना गुरुवार सुबह सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर चौरहा गांव के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे बैठे वृद्ध को टक्कर मार दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान चौरहा निवासी रामबदन यादव (62) पुत्र चुनवाद यादव के रूप में हुई है। बताया गया कि रामबदन यादव सुबह करीब 6 बजे गांव के बाहर सड़क किनारे शौच के लिए बैठे थे। इसी दौरान चित्रकूट की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत डॉयल 112 को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल रामबदन को मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान रामबदन यादव की मौत हो गई। इलाज कर रहे डॉक्टरों के मुताबिक, अत्यधिक आंतरिक रक्तस्राव (इंटरनल ब्लीडिंग) उनकी मौत का कारण बना। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात ट्रक और उसके चालक की तलाश कर रही है।

सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा आयोजित करेगी कार्यक्रम

बैठक मे बनी व्यापक रुपरेखा

नवभारत न्यूज

सतना, 28 मई. नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे एनडीए सरकार के पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा 05 जून से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, महापौर योगेश ताम्रकार, चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक शर्मा की विशेष मौजूदगी मे पार्टी कार्यालय मे आयोजित हुई जिला संगठन की बैठक मे टोलियो का गठन कर गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया। जिला महामंत्री जयप्रताप गुप्ता के संयोजकत्व मे 5 सदस्यीय टोली का गठन किया गया जिसमे सह संयोजक जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह एवं उपाध्यक्ष बालेन्द्र गौतम, विजय तिवारी व मनीषा सिंह को सदस्य बनाया गया। इस टोली के मार्ग दर्शन मे जिले भर मे कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। बैठक मे किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक शर्मा ने ''मन की बात'' कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस माह मन की बात कार्यक्रम किसानो के बीच पहुचकर सुनने का निर्णय लिया गया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बैठक मे जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि नरेन्द्र मोदी राष्ट्रप्रथम संकल्प के साथ प्रधानमंत्री के रुप मे लगातार अपनी सेवाए दे रहे है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व मे एनडीए सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियो से परिपूर्ण 12 वर्ष आगामी 07 जून 2026 को हो रहे है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे सरकार ने गरीब, सोशित एवं वंचित वर्गो के कल्याण हेतु उल्लेखीय कार्य किये है।

नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई 125 मरीजों की जांच

सतना, 28 मई. अग्रवाल समाज एवं श्री सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर 28 मई गुरुवार को समाजसेवी घनश्याम दास गोयल के संयोजन एवं मार्गदर्शन में अमृत वाटिका में प्रात: 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 1 बजे तक चला। शिविर का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी एवं स्वामी रणछोड़ दास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर घनश्याम गोयल, नरेश अग्रवाल, चाचा मोहनलाल अग्रवाल, शंकर प्रसाद अग्रवाल, गोरखनाथ अग्रवाल, शुभम्, राघव गोयल, चाचा हामिद खान, वरुण भट्टाचार्य, सुखेंद्र सिंह आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सांसद ने सुनीं समस्याएं, दिया आश्वासन

नवभारत न्यूज

सतना, 28 मई. सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने गुरुवार को मैहर में जनसुनवाई कर आमजनों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपे। करीब 60 लोगों ने सांसद के समक्ष पेयजल संकट, सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण, रोजगार और रास्ते के विवाद सहित अन्य समस्याएं रखीं तथा जल्द निराकरण की मांग की। जनसुनवाई के दौरान सांसद ने एक-एक आवेदक की समस्या गंभीरता से सुनी। जिन विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद थे, उन्हें तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए, वहीं अनुपस्थित अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए कहा। कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को समय सीमा तय कर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

पेयजल व राजस्व की समस्याएं अधिक-गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से जुड़ी शिकायतें सबसे अधिक सामने आईं। ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने बताया कि कई मोहल्लों और गांवों में पानी की समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मैहर के युवाओं को मिली नई उड़ान,रोजगार मेले में बेरोजगारों को अवसर

आईटीआई कैंपस ड्राइव में 60 युवाओं का चयन, गुजरात-राजस्थान में मिले रोजगार के अवसर

नवभारत न्यूज

सतना, 28 मई. मैहर जिले के युवाओं को रोजगार से जोडने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शासकीय आईटीआई सतना में विशाल रोजगार कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया।

सांसद गणेश सिंह के मार्गदर्शन एवं समाजसेवी विक्रम सिंह बिसेन खोहर के सहयोग से आयोजित इस रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित सोलर कंपनियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। आईटीआई प्राचार्य अजय सिंह बागरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंपस ड्राइव में कुल 247 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विभिन्न चरणों में हुई लिखित परीक्षा, तकनीकी मूल्यांकन एवं साक्षात्कार के बाद 60 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। चयनित युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

इन कंपनियों में मिला जॉब

रायज़ॉन सोलर ने 23 अभ्यर्थियों, संगम सोलर ने 15 अभ्यर्थियों तथा वारी पावर कंपनी ने 22 युवाओं का चयन किया। चयनित अभ्यर्थियों को सूरत एवं कच्छ (गुजरात) तथा जयपुर (राजस्थान) स्थित औद्योगिक इकाइयों में पदस्थ किया जाएगा। कैंपस ड्राइव के दौरान ही चयनित विद्यार्थियों को ऑफर लेटर भी वितरित किए गए।

एक नजर में

नंद के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की

सतना । संत मोतीराम आश्रम में महंत स्वामी खिम्यादास जी के सानिध्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की जानकारी आश्रम के सेवादारी भाई प्रहलाद एवं पप्पू सूखनानी ने जानकारी देकर बताया कि चतुर्थ दिवस श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास श्री बाल गोविंद जी महाराज वृंदावन द्वारा आज प्रसंग में समुद्र मंथन का वर्णन हुआ समुद्र मंथन में 14 रतन की उत्पत्ति हुई अमृत की उत्पत्ति से देवताओं को अमृत पान कराया गया शास्त्रों का मंथन करके बालगोविंद जी महाराज ने भक्तों को कथा का अमृतपान कराया आज कृष्ण जन्म का चित्रण किया गया नंद के घर साक्षात आनंद का प्राकट्य हुआ नंद उत्सव में खूब बधाइयां लुटाई गई पूरे आश्रम को ब्रजमंडल कर स्वर्ग की तरह सजाया गया नंद बाबा को ढेर सारी बधाइयां दी गई आज कृष्ण जन्म की व्याख्या बड़े ही मधुर स्वरों में की गई ,इस पुरुषोतम मास में भक्तों के कल्याण के लिए स्वामी खिम्यादास जी ने भक्तों को आशीर्वाद दिया।

रघुवंश प्रसाद द्विवेदी ने लिया देह दान का संकल्प

सतना. अमर ज्योति की प्रेरणा से मानव सेवा का अनूठा निर्णय, मेडिकल विद्यार्थियों और मरीजों के लिए समर्पित किया जीवन के बाद का शरीर मानवता, परोपकार और समाजसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए उतैली, सतना निवासी *श्री रघुवंश प्रसाद द्विवेदी* ने अपने निधन के उपरांत देहदान करने का संकल्प लिया है। साईं पब्लिक स्कूल के समीप स्थित अपने निज निवास पर उन्होंने यह संकल्प लेकर समाज को एक ऐसा संदेश दिया है, जो जीवन के बाद भी दूसरों के जीवन में नई रोशनी ला सकता है।